### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नहीं आएंगे, वर्चुअल ही दिल्ली से करेंगे फैक्टरी की शुरुआत

# दुनिया भर में सबसे घातक और तेज होगी लखनऊ की ब्रह्मोस मिसाइल

**तैयारी**

**लखनऊ प्रमुख संवाददाता।** लखनऊ के डिफेंस कॉरिडोर में बनने जा रही ब्रह्मोस नेक्स्ट जेन की होगी। इसकी वर्तमान ब्रह्मोस से कहीं ज्यादा क्षमता होगी। साथ ही दुनिया के सबसे घातक मिसाइल में शीर्ष पर होगी। डिफेंस कॉरिडोर सरोजनीनगर में ब्रह्मोस मिसाइल की फैक्टरी तैयार है। 11 तारीख को इसका उद्घाटन होना है। पाकिस्तान से तनाव बढ़ने के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने फिलहाल दौरा रद्द कर दिया है। वर्चुअल तौर पर नई दिल्ली से फैक्टरी का उद्घाटन करेंगे।

> लखनऊ में बनने वाली ब्रह्मोस की क्लासिफिकेशन अभी जारी होनी है। रक्षामंत्री नहीं आएंगे, बल्कि वर्चुअल तरीके से उद्घाटन करेंगे
>
> –राघवेन्द्र शुक्ल, ओएसडी रक्षामंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह




**11** मई से प्रस्तावित ब्रह्मोस नेक्स्ट जेनरेशन का उत्पादन लखनऊ में

शुरुआती ब्रह्मोस की रेंज 290 किमी थी। 2017 में 490 किमी रेंज का परीक्षण किया गया। सैन्य सूत्रों के अनुसार इसका अगला संस्करण 1500 किलोमीटर से अधिक दूरी तक मार करने में सक्षम होगा। 4321 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दूरी तय करने की क्षमता होगी। सुखोई 30 एमकेआई के अलावा तेजस एमके 1 ए और राफेल में लैस किया जा सकेगा। वजन करीब 1.5 टन होगा और लम्बाई 6 मीटर। नेक्स्ट जेन ब्रह्मोस मौजूदा मिसाइल से 50 फीसदी हल्की और तीन मीटर छोटी होगी। यह रडार की पकड़ में नहीं आ सकेगी। इस मिसाइल को डीआरडीओ और रूस की एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया कंपनी ने तैयार किया है। मौजूदा ब्रह्मोस एशिया की 10 सबसे खतरनाक और मारक मिसाइलों में एक है।